# BOHRA INDUSTRIES LIMITED

**CIN: L24117RJ1996PLC012912**

Registered Office: 301, Anand Plaza, University Road, Udaipur, Rajasthan 313001
Email id: bil@bohraindustries.com, Phone: +91-294-2429513; Fax: +91-294-2429515
Website: http://www.bohraindustries.com


---

**Date:** 17/02/2026

**To,**
**National Stock Exchange of India Limited**
**Exchange Plaza Block G, C 1, Bandra Kurla Complex, G Block**
**BKC, Bandra Kurla Complex, Bandra East, Mumbai,**
**Maharashtra400051**

**NSE Symbol: BOHRAINDISIN: INE802W01023**

**Sub: Newspaper Advertisement –Submission of Newspaper Advertisement of the financial Results for the quarter ended 31st December 2025.**

Dear Sir,

Pursuant to provisions of Regulation 30, 47 and 52(8) of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we enclose herewith copies of the newspaper advertisements, pertaining to the Unaudited Standalone Financial Results of the Company for the quarter ended 31st December 2025, published in Financial Express (English) and Hukamnama (Hindi) on 17th February 2026.

A copy of the said newspaper advertisements is enclosed for your reference and record.

Thanking you,

Yours sincerely,

**For Bohra Industries Limited**

ATUL DAVE
Digitally signed by ATUL DAVE
Date: 2026.02.17 11:21:39 +05'30'

**ATUL DAVE**
**MANAGING DIRECTOR**
**DIN: 09696561**

Enclosed: As above.

# त्योहारों पर कानून व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सौहार्द से नहीं होगा कोई समझौता : डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी

## जिला कलक्टर ने अधिकारियों को दिये सख्त निर्देश

- जिला शांति समिति में सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश
- होली, रमजान, नवरात्रि व ईद से पूर्व जयपुर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर
- संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त जाब्ता, भ्रामक पोस्ट करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई
- धार्मिक, सामाजिक एवं गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ की विस्तृत चर्चा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा सांप्रदायिक सौहार्द एवं आपसी सद्भाव कायम बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक स्तर पर समन्वय एवं संवाद कायम रखते हुए किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। झ

सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर ने विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने होली, रमजान, चेटीचंड, नवरात्रि, रामनवमी एवं ईद जैसे आगामी पर्वों के दौरान शांति, सौहार्द और भाईचारे का वातावरण बनाए रखने की अपील की। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र के मौजीज व्यक्तियों एवं धर्मगुरुओं के साथ निरंतर संवाद स्थापित रखा जाए।




सभी पुलिस थानों में नियमित रूप से सीएलजी एवं शांति समिति की बैठकें आयोजित कर संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान की जाए। संदिग्ध व्यक्तियों, स्थानों तथा भ्रामक एवं साम्प्रदायिक तनाव भड़काने वाले तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए उनके विरुद्ध विधि अनुसार कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने विशेष रूप से सोशल मीडिया की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये कि भ्रामक, अफवाह फैलाने वाले अथवा उत्तेजक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से भी अपील की गई कि वे आमजन को अफवाहों से सावधान रहने एवं सत्यापित जानकारी पर ही विश्वास करने के लिए जागरूक करें।

## एक नजर

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हामिद खान मेवाती का टोंक में किया स्वागत



**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हामिद खान मेवाती का टोंक आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में स्वागत किया गया, जहाँ उन्होंने बहिर में अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकर्ताओं से चर्चा की। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हामिद खान मेवाती ने सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जन को अधिक से अधिक मिले। उन्होंने अल्पसंख्यक समाज को राजनीति में अधिक से अधिक भाग लेने तथा समाज को विकास की मुख्य धारा में जोडने का आव्हान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ काम कर रही हैं। सरकार विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं की लाभ पहुंच सके। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया, भरतपुर संभाग प्रभारी नरेश बंसल, तरुण टिक्कीवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अयूब खान, जंग बहादुर, जावेद खान, गुलजार खान राजेश मंगल, कार्यक्रम संयोजक अब्दुल रज्जाक, जिलाध्यक्ष अब्दुल रशीद, पूर्व प्रदेश मंत्री आसिफ अली नकवी, जिला महामंत्री नावेद खान, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश मंत्री विकार खान, तौसीफ खान, हसीन खान, आसिफ खान, शकील, इमरान, सादाब आदि मौजूद थे।

### डांग क्षेत्र से लौटते समय भालू ने ग्रामीण पर किया हमला, ग्रामीण गंभीर रूप से घायल

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में रणथंभौर क्षेत्र में वन्यजीव हमलों की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। रविवार देर शाम नेशनल पार्क के डांग क्षेत्र से वापस लौट रहे एक ग्रामीण पर भालू ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को वन विभाग की टीम ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जयपुर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार बाजोली निवासी जगदीश गुर्जर पुत्र कल्लू गुर्जर किसी कार्य से देर शाम रणथंभौर के डांग क्षेत्र में गया हुआ था। लौटते समय अचानक भालू ने उस पर हमला कर दिया। हमले के दौरान ग्रामीण घबरा कर जमीन पर गिर गया, जिसके बाद भालू ने उसे बुरी तरह नोच डाला। हमले में उसके चेहरे सहित शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान हो गया। ग्रामीण की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और जैसे-तैसे उसे भालू के चंगुल से छुड़ाया। इसके बाद घटना की सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। डीएफओ मानस सिंह ने बताया कि घटना रविवार देर शाम की है तथा वन विभाग की टीम क्षेत्र में भालू की ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग कर रही है।

### अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला कार्य समिति का विस्तार

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** पूर्वी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश महामंत्री सन्मति हरकारा, जिला महामंत्री रवि अग्रवाल निवाई, जिला संयोजक प्रकाश चंद जैन बंसल से परामर्श के पश्चात टोंक जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता ने अखिल भारतीय अग्रवाल उद्योग एवं व्यापार सुरक्षा मंच का टोंक जिले में गठन करते हुए आठ ब्लॉक संयोजकों की घोषणा की है तथा उनसे चर्चा व उनकी सहमति से संयोजकों की घोषणा की है । गुप्ता ने उनसे अपेक्षा की है कि अपनी कार्यकारिणी का गठन ब्लॉक अध्यक्षों की सहमति व उनके परामर्श के पश्चात 15 दिवस की अवधि मे कर लेवे। टोंक से मुकेश जैन बनेठा, देवली से विनोद गोयल एजेंसी, पीपलू से विनोद जैन, निवाई से नितेश जैन चावरियां, टोड़ा से कमल कुमार जैन बरवास, उनियारा से रमेश चंद जैन ढीकोलिया, डिग्गी से राजेंद्र कुमार जैन कपड़े वाले एवं मालपुरा से ज्ञान चंद जैन डेठानी को शामिल किया गया है।

### पैंथर का श्ये बातेंश् सादगी भरे रोमांस का एक खूबसूरत जश्न

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय हिप.हॉप की दुनिया में अपनी रॉ और ईमानदार आवाज़ के लिए पहचान बना चुके पैंथर अब एक ताज़गी भरे अंदाज़ के साथ वापसी कर रहे हैं। वह अपने व्यक्तित्व के एक कम चर्चित पहलू को उजागर करते हुए अपना नया रोमांटिक बैलेड श्ये बातेंश् प्रस्तुत कर रहे हैंए जो अनकहे शब्दों के जादू को खूबसूरती से अभिव्यक्त करता है। पैंथर का लिखा और गाया हुआए श्ये बातेंश् लेस्स इज मोर की फिलॉसफी पर बना है। यह एक सपनों जैसा रोमांटिक ट्रैक है जो पैंथर की रीजनल आत्मा को ग्लोबल साउंड के साथ मिलाता हैए जिससे यह आपकी प्लेलिस्ट में नंबर 1 बन जाता है। यह गीत प्यार में खामोशी की सुंदरताए ठहरावए नज़र और आधी मुस्कान को बहुत अच्छे से दिखाता हैए जहां प्यार पूरी तरह से व्यक्त किए बिना भी पूरा महसूस होता है।एक खास खुशमिजाज पॉप गानाए यह रोमांटिक गाना पैंथर के अनकहे शब्दों के जादू को दिखाता हैए जिसमें दिखाया गया है कि कैसे प्यार में आँखें बिना बोले सब कुछ दिखा देती हैं।

## 8वीं कक्षा के विदाई समारोह में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश...

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खेरदा सवाई माधोपुर में कक्षा आठवीं के छात्रों के विदाई समारोह का कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश जी पहाड़िया पार्षद एवं समाज सेवी, मुख्य अतिथि के रूप में केंद्राधीक्षक विनोद मोड और विशिष्ट




अतिथि वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा ब्यूरो चीफ देश की धरती थे । कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे के छाया चित्रों पर दीप प्रज्वलन कर किया, उसके पश्चात संस्था प्रधान कैलाश सिसोदिया ने आए हुए अतिथियों का राजस्थानी परंपरा के अनुसार माला पहनाकर स्वागत किया , संस्था प्रधान ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राजेश पहाड़िया पार्षद एवं समाजसेवी ने बच्चों को परीक्षा के बारे में बहुत महत्वपूर्ण जानकारी देकर उत्साहित किया, विशिष्ट अतिथि आदरणीय राजेश जी शर्मा ने प्रत्येक बच्चों को पैन बांटकर कलम की ताकत के बारे में बच्चों को समझाया कि तुम जो चाहो इस कलम से अपना भाग्य लिख सकते हो यह कलम तुम्हारे भविष्य का निर्माण करने के लिए ही बनी है , इसलिए सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन करें। कक्षा 8 के छात्रों को बालमुकुंद बैरवा व सत्यवीर छात्रअध्यापक की ओर से टी कप सेट और ममता मीना की अध्यापिका की ओर से कक्षा 5 व 8वीं के छात्रों को ड्राइंग बॉक्स किट तथा शारीरिक शिक्षिका सरिता मीना जी ने बच्चों को पेन,पेंसिल वितरित किए। संस्था प्रधान कैलाश सिसोदिया ने सुनीता गुर्जर अल्फीजा आलीदा आरती प्रिया सैनी लक्ष्मी अंजली खुशी बालिकाओं एक-एक जोड़ी कपड़े भेंट कर बेटी बचाओ ,बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर पर्यटन विकास को मिल रही नई गति

## पंच गौरव योजना से निखर रहा आमेर का पर्यटन वैभव, सैलानियों को मिलेंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरदर्शी सोच एवं पर्यटन को प्रदेश की अर्थव्यवस्था का सशक्त आधार बनाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप पंच गौरव योजना के तहत एक जिला-एक पर्यटन स्थल के रूप में चयनित आमेर दुर्ग में सैलानियों के लिए व्यापक सुविधा विस्तार कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन जयपुर द्वारा पर्यटन विभाग एवं संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर आमेर दुर्ग में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाया जा रहा है, ताकि यहां आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को विश्वस्तरीय अनुभव प्राप्त हो सके। अतिरिक्त जिला कलक्टर विनीता सिंह ने बताया



कि आमेर दुर्ग प्रदेश की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत का गौरवशाली प्रतीक है, जहां प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक भ्रमण के लिए आते हैं। पर्यटकों की सुविधा और विरासत संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार द्वारा पंच गौरव योजना अंतर्गत 89 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। महिला पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मानसिंह महल एवं दीवाने-आम में बेबी फीडिंग रूम का निर्माण किया जा रहा है। दलाराम बाग एवं रामबाग के फव्वारों तथा रपटों के नियमित संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, जिससे परिसर की सुंदरता और आकर्षण में वृद्धि होगी। मुख्य आयोजना अधिकारी डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि पेयजल आपूर्ति को व्यवस्थित एवं संरक्षित करने के उद्देश्य से माधोसिंह थान की ओर बड़ी पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे सम्पूर्ण महल परिसर में सुचारु जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी तथा लीकेज एवं सीपेज से ऐतिहासिक संरचना को सुरक्षित रखा जा सकेगा। रात्रिकालीन पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए सुख निवास एवं मानसिंह महल में सौम्य प्रकाश व्यवस्था विकसित की जा रही है, ताकि पर्यटक शाम के समय भी दुर्ग की भव्यता का आनंद ले सकें। साथ ही सनसेट प्वाइंट एवं कपल वेडिंग फोटो साइट का विकास कर आमेर को आकर्षक पर्यटन एवं डेस्टिनेशन वेडिंग स्थल के रूप में भी स्थापित किया जा रहा है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रचार-प्रसार, ब्रांडिंग एवं विपणन गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## आशा सहयोगिनियों ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान प्रदेश आशा सहयोगिनी-कर्मचारी संघ जिला टोंक के तत्वाधान में सोमवार को आशा सहयोगिनियों ने गांधी पार्क में बैठक का आयोजन किया गया, तत्पश्चात आशा सहयोगिनियों ने रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर संयोजक अजमल खान के नेतृत्व में उप-मुख्यमंत्री दिया कुमारी के नाम जिला कलेक्टर को अपनी मांगों का ज्ञापन दिया, जिन्होंने मांग की है कि वर्ष 2026-27 के संशोधित बजट में आशा-सहयोगिनियों को शामिल करके मानदेय बढ़ाया जाएं। आशा सहयोगिनी गुड्डी देवी, ममता चौधरी, सौभाग देवी, आशा देवी, इन्द्रा शर्मा, सरोज शर्मा, शीला साहू, सरस्वती वर्मा, हंसा देवी, गीता चौधरी एवं विद्या देवी आदि ने दिये गये ज्ञापन में बताया कि आशा सहयोगिनीयां चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में वर्ष 2007-08 से लगातार कड़ी मेहनत व लगन के साथ ईमानदारी से मात्र 4 हजार 949 रूपए मानदेय पर कार्य कर रही है, जिन्होंने कोविड-19 में हर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में जब परिवार के लोग घरों से बाहर नहीं आ रहे थे, तब आशा सहयोगियों अपने परिवारों से अलग-अलग रहकर वार्ड वाइज रिपोर्ट तैयार करके विभाग को भेज करके अपना कर्तव्य को



बखूबी निभाया है, जिन्होंने मांग की है कि आशा सहयोगिनीयों को 18 वर्ष लगातार कार्य करने के बाद मात्र 4 हजार 949 रूपए मानदेय दिया जा रहा है। एक वर्ष में कम से कम 35 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की जाएं। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि श्रम विभाग में मात्र 90 दिवस में मजदूरों को कुशल मजदूर मानते हुए 816 रुपए प्रतिदिन मजदूरी देय होती है। आशा सहयोगिनी को 18 वर्ष कार्य करने के बाद तो कुशल कि श्रेणी में शामिल करके उसके मुताबिक मानदेय में बढ़ोतरी की जाए। ज्ञापन में लिखा है कि आशा सहयोगिनीयों को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर विभाग द्वारा कई प्रशिक्षण दिये जा चुके है। पिछले 18-20 वर्ष में कुशल होने का दर्जा सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में एएनएम का दर्जा दिया जावे। आशा सहयोगिनी ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण 60 वर्ष चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अपनी सेवा देने के पश्चात भी पेंशन की कोई व्यवस्था नहीं की गई तथा नही रिटायर्ड होने पर कोई नगद पैकेज है। उन्होंने मांग की है कि 11 लाख रुपए रिटायर्ड होने पर दिये जाये और जीवन यापन के लिए पेंशन की सुविधा भी दी जाए। उन्होंने राज्य की उप-मुख्यमंत्री एवं वित्तमंत्री दिया कुमारी से मानदेय बढाने सहित अन्य मांगो को पूरा करने की मांग की है।

## गोपीनाथपुरा गांव से लापता किशोर का डेढ माह बाद भी नहीं लगा सुराग

### समाजसेवी राम अवतार भारतीय के नेतृत्व में एसपी को सौंपा ज्ञापन




**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जमवारामगढ़ उपखंड क्षेत्र की आंधी तहसील के गोपीनाथपुरा गांव से लापता किशोर कालूराम मीणा का डेढ माह बाद भी कोई सुराग नहीं लगा। मामले को लेकर समाजसेवी राम अवतार भारतीय के नेतृत्व में किशोर के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण राशि डोगरा डूडी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया की लापता किशोर कालूराम मीणा जो नांगल बरवा नारायणी माता का निवासी है और करीब दो साल से गोपीनाथपुरा गांव में अपनी मोसी के यहां रहकर पढ़ाई कर रहा था। गत 3 जनवरी को किशोर कालूराम मीणा सुबह करीब 8 बजे घर से बिना किसी को बताए कहीं चला गया जो आज दिनांक तक डेढ़ माह बाद भी घर नहीं लौटा। किसी अनहोनी की आशंका से चिंतित परिजनों ने पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण राशि डोगरा डूडी से लापता किशोर कालूराम मीणा को शीघ्र तलाश करने की गुहार लगाई।

**इनका कहना है-** पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण राशि डोगरा डूडी ने कहा की जहां से लापता किशोर की लास्ट सीसीटीवी फुटेज मिली है, वहां से पुलिस पूरी तरह से किशोर की तलाश में जुटी हुई है।

# अल्पसंख्यक स्नेह संवाद कार्यक्रम में भाजपा सरकार की नीतियों पर हुआ मंथन, बड़ी संख्या में समाजजन रहे मौजूद

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय के आलनपुर स्थित एक गार्डन में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से अल्पसंख्यक स्नेह संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में हमीद खान मेवाती (प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा) सहित भारतीय जनता पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मेवाती का साफा व 51 किलो की माला पहना कर जोरदार स्वागत किया। इसके बाद कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। संवाद कार्यक्रम में समाज की महिलाएं, पुरुष एवं युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान समाज के लोगों ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों और सरकारी योजनाओं को लेकर अपने विचार भी साझा किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हमीद खान मेवाती ने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले दो वर्षों में प्रदेश में ऐतिहासिक विकास कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार गांव-गांव तक विकास पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार का कार्यकाल जनसुनवाई, पारदर्शिता और त्वरित निर्णय लेने के लिए जाना जाएगा। मेवाती ने दावा किया कि भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में जो वादे किए थे, उनमें से लगभग 70 प्रतिशत पूरे कर दिए गए हैं तथा शेष वादों पर भी तेजी से काम चल रहा है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर रात्रि प्रवास कर रहे हैं और आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान कर रहे हैं, जो पहले देखने को नहीं मिलता था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के रोजगार, महिलाओं के सशक्तिकरण, बुजुर्गों के कल्याण और गरीब वर्ग के उत्थान के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही




है। इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। उन्होंने अल्पसंख्यक समाज से अपील करते हुए कहा कि वे सरकारी योजनाओं की जानकारी लें और उनका अधिक से अधिक लाभ उठाएं।


**BOHRA INDUSTRIES LIMITED**
CIN : L24117811996PLC012912
Registered Office : 301, Anand Plaza, University Road, Udaipur -313001, Rajasthan

**Statement of Standalone unaudited Financial Results for the Quarter and Nine Month ended**

(₹ In lakhs, except per share data)

| Sl No. | Particulars | Quarter ended 31-12-25 Un audited | Quarter ended 30-09-25 Un audited | Quarter ended 31-12-24 Un audited | Nine Month ended 31-12-25 Un audited | Nine Month ended 31-12-24 Un audited | Year Ended 31-03-25 Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| I | Revenue from Operations | - | - | - | - | - | - |
| II | Other income | - | 0.02 | - | 0.02 | - | - |
| III | Total Income (I+II) | - | 0.02 | - | 0.02 | - | - |
| IV | Expenses | | | | | | |
| a | Cost of materials consumed | - | - | - | - | - | - |
| b | Purchases of Stock-in-Trade | - | - | - | - | - | - |
| c | Changes in inventories of finished goods, Stock-in -Trade and work-in-progress | - | - | - | - | - | - |
| d | Employee benefits expense | 5.55 | 7.27 | 5.21 | 17.57 | 16.97 | 23.01 |
| e | Finance costs | 0.00 | 0.02 | - | 0.03 | - | 0.01 |
| f | Depreciation and amortization | 33.14 | 33.14 | 33.69 | 99.41 | 101.05 | 134.73 |
| g | Other expenses | 21.61 | 23.57 | 4.55 | 76.60 | 51.93 | 233.15 |
| | Total expenses | 60.31 | 64.00 | 43.45 | 193.62 | 169.95 | 390.90 |
| V | Profit/(loss) before exceptional items and tax (III- IV) | (60.31) | (63.98) | (43.45) | (193.60) | (169.95) | (390.90) |
| VI | Exceptional items | - | - | - | - | - | - |
| VII | Profit/(loss) before tax (V-VI) | (60.31) | (63.98) | (43.45) | (193.60) | (169.95) | (390.90) |
| VIII | Tax expense | - | - | - | - | - | (22.57) |
| IX | Profit/(loss) for the period (VII- | (60.31) | (63.98) | (43.45) | (193.60) | (169.95) | (368.33) |
| X | Other Comprehensive Income (i) Items that will not be reclassified to profit or loss | - | - | - | - | - | - |
| | (ii) Income tax relating to items that will not be reclassified to profit or (loss) | - | - | - | - | - | - |
| XI | Total Comprehensive Income for the period (IX+X) | (60.31) | (63.98) | (43.45) | (193.60) | (169.95) | (368.33) |
| XII | Paid up Equity Share Capital (Face Value of ₹ 10/- each) | 2,117.22 | 2,117.22 | 1,429.72 | 2,117.22 | 1,429.72 | 1,429.72 |
| XIII | Reserves (excluding revaluation reserve as shown in the balance sheet of the previous year) - Other | | | | | | |
| XIV | Earnings Per Share ( ₹ 10/- each) (not annualised) | | | | | | |
| | (1) Basic (₹ ) | (0.28) | (0.30) | (0.30) | (0.91) | (1.19) | (2.56) |
| | (2) Diluted (₹ ) | (0.28) | (0.30) | (0.30) | (0.91) | (1.19) | (2.56) |

Notes
1. The above unaudited financial result for the quarter and year ended 31st December 2025 were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board Of directors at their meeting held on 14-02-2026.
2. The figures have been regrouped or re - classified whenever necessary.
3. The company operates under one segment only and therefore reporting under AS-17 (segment reporting) is not applicable.

Place : Udaipur
Date: 14-02-2026

For Bohra Industries Limited
Atul Dave
Managing Director
DIN :09696561